**दिनांक-08.12.2024** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार...

1- नर्मदापुरम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार 800 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त, मुख्यमंत्री ने कहा- अब कोई नहीं रहेगा बेरोजगार।
2- प्रधानमंत्री ने तपेदिक के खिलाफ 100 दिन के विशेष अभियान में सभी से मिलकर प्रयास करने की अपील की।
3- प्रदेश के भोपाल, कटनी, सतना समेत 16 जिलों में आज से तीन दिवसीय पोलियो अभियान होगा शुरू।
4- राज्य के पूर्वी हिस्से के 13 जिलों में बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना।

**निवेशक सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अगले 5 साल में राज्य सरकार का बजट दोगुना करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। नर्मदापुरम में कल आयोजित 6वीं रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ हमारी व्यवस्थाओं के बलबूते पर आईटी, टूरिज्म, खनन, उर्जा सहित सभी सेक्टर में गतिविधियों के विस्तार की हर संभव कोशिश होगी। उन्होंने बताया कि नर्मदापुरम इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में कुल 31 हजार 800 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।
बाइट- मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्यमंत्री ने नर्मदापुरम में उद्योग व्यापार तथा निवेश गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए म.प्र. औद्योगिक विकास निगम-एमपीआईडीसी के सर्व-सुविधायुक्त कार्यालय शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कॉन्क्लेव प्रदेश के औद्योगिक विकास के लिए राज्य शासन की प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है। हम प्रदेश के संतुलित और सामान्य विकास के लक्ष्य को लेकर चल रहे है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में संभाग स्तर पर इंडस्ट्रीयल कॉन्क्लेव का क्रम आरंभ किया गया।

**इंदौर-निवेश**

इंदौर में 13 से 16 दिसंबर तक उद्यमिता, नए निवेश और नए तकनीकी से भरपूर इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग एक्सपो-2024 होगा। एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश और फ्यूचर इवेंस्ट द्वारा औद्योगिक विकास व यहां के उद्यमियों को एक उन्नत तकनीकी का प्लेटफार्म प्रदान करने के लिए एक्सपो का आयोजन किया जा रहा है। एआईएमपी के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एक्सपो के माध्यम से औद्योगिकरण और व्यवसाय को नई दिशा मिलती है। इसमें देश के बड़े कॉर्पोरेट्स और एमएसएमई की 300 से ज्यादा यूनिट्स के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

**पीएम-टीबी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि तपेदिक के खिलाफ भारत का संघर्ष सौ दिन के विशेष अभियान के साथ और मजबूत हो गया है। इस अभियान के तहत टीबी संक्रमण से अधिक ग्रस्त जिलों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत टीबी के खात्मे के लिए बहुकेंद्रित प्रयास कर रहा है, जिसमें रोगियों को पर्याप्त उपचार उपलब्ध कराना, जन भागीदारी, नई औषधि और प्रोद्योगिकी का उपयोग तथा बेहतर नैदानिक उपाय शामिल हैं। उन्होंने टीबी के उन्मूलन के लिए साथ मिलकर प्रयास करने की अपील की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के एक पोस्ट का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि निक्षय मित्र तथा लघु और प्रभावी उपचार जैसी पहल से तपेदिक संक्रमण में काफी कमी आई है। इससे उपचार के बाद स्वस्थ होने की दर बढ़ी है और टीबी से संघर्ष में भारत के वैश्विक नेतृत्व को बल मिला है।

पूल/पूजापीवर्धन/राशिद/शरद/आमिर/150/12

**लखपति दीदी**

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की समीक्षा बैठक में सहभागिता की। श्री चौहान ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ कार्ड, स्वामित्व योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत योजना सहित जिले में क्रियान्वित सभी योजनाओं और गतिविधियों के संबंध में अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जरूरी निर्देश भी दिए। श्री चौहान ने कहा कि, लखपति दीदी अभियान में विदिशा जिले ने काफी प्रगति की है। बहनें अनेक तरह की रोजगार मूलक योजनाओं से जुड़कर अपनी आमदनी साल में एक लाख रूपए से ज्यादा कर रही हैं।

**पल्स पोलियो**

प्रदेश के 16 जिलों में तीन दिवसीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत आज से हो रही है। पोलियो के खिलाफ सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए जन्म से लेकर 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। भोपाल जिले में साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को दवा पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। अभियान के पहले दिन ही अधिक से अधिक बच्चों को पोलियो बूथों पर दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले में कुल 3 हजार 20 पोलियो बूथ बनाए गए हैं और 6 हजार 75 टीकाकर्मी दवा पिलाने का कार्य करेंगे। अभियान की सफलता सुनिश्चित करने के लिए 305 सुपरवाइजरों की ड्यूटी भी लगाई गई है। कटनी में एक लाख 73 हजार 555 बच्चों को पल्स पोलियो खुराक पिलाई जायेगी। उधर सतना जिले में स्थापित 2622 बूथों में 3 लाख 60 हजार 799 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाये जाने की स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुचित्रा अग्रवाल द्वारा तैयारियों की जानकारी देते हुये बताया कि जिले में कुल 2622 बूथ बनाये गये है।

मैहर जिले में 5 वर्ष तक के 1 लाख 11 हजार 942 बच्चों को पोलियो दवा पिलाई जायेगी।

**अपार आईडी**

भोपाल समेत राज्य के सभी जिलों के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 'वन नेशन वन आईडी' की तर्ज पर अपार आईडी बनाई जा रही है। इससे विद्यार्थियों को यूनिक डिजिटल पहचान मिलेगी। इसके लिए कल 9 और 10 दिसंबर को सभी सवा लाख निजी व सरकारी स्कूलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। इसमें उन्होने कहा है कि आगामी अकादमिक सत्र में सभी विद्यार्थियों का डेटा इसी अपार आईडी के माध्यम से संरक्षित किया जाएगा। केंद्र सरकार की 'एक देश एक स्टूडेंट आईडी' योजना के तहत प्रदेश के सभी स्कूलों में इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रदेश में पहली से 12वीं तक करीब 1 लाख 23 हजार निजी और सरकारी स्कूल हैं। इसमें 1 करोड़ 40 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

पीटीसी-भोपाल /पूजापीवर्धन/राशिद/शरद/आमिर/145/10

**मौसम** **08.12.2024/07.10AM**

अब खबर मौसम की, पश्चिमी विक्षोभ की वजह से प्रदेश के पूर्वी हिस्से के जिलों में अगले 24 घंटे में बादल छाने और हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक जबलपुर समेत 13 जिलों में बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, कटनी, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल और सिंगरौली में कहीं-कहीं बारिश होने का अलर्ट है। पूर्वी हिस्से में जहां बारिश और बादल रहेंगे। वहीं, उत्तर और पश्चिमी हिस्से में ठंड का असर बढ़ जाएगा। बर्फीली हवाएं ग्वालियर-चंबल में सीधे आएंगी, जिससे यह ठिठुर सकता है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन में भी तेज ठंड का असर रहेगा।

**संक्षिप्त समाचार**

1- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कल नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में वर्चुअली 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान का शुभारंभ किया।
2- जबलपुर में भी कल से राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन मिशन के अंतर्गत सौ दिवसीय नि:शुल्क क्षय शिविर अभियान की शुरुआत की गई।
3- झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना के आदेशा पर जिले में चायनीज धागे को पतंगबाजी में इस्तेमाल किये जाने को प्रतिबंधित किया गया है।
4- हम होंगे कामयाब” जागरूकता अभियान के तहत खंडवा जिले मे विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक किया गया।
5- धार जिले के कुक्षी तहसील के ग्राम दोगांवा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 7750 मरीजों को स्वास्थ्य परामर्श, जांच और उपचार का लाभ दिया गया ।
6- गुना में आरटीओ विभाग ने चेकिंग अभियान चलाकर 30 बसों की जांच की, इस दौरान 20 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

पीटीसी-

नर्मदापुरम,जबलपुर,झाबुआ,खंडवा,धार,गुनापूजापीवर्धन/राशिद/शरद/आमिर/135/13

मुख्य समाचार एक बार फिर...

1- नर्मदापुरम में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में 31 हजार 800 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त, मुख्यमंत्री ने कहा- अब कोई नहीं रहेगा बेरोजगार।
2- प्रधानमंत्री ने तपेदिक के खिलाफ 100 दिन के विशेष अभियान में सभी से मिलकर प्रयास करने की अपील की।
3- प्रदेश के भोपाल, कटनी, सतना समेत 16 जिलों में आज से तीन दिवसीय पोलियो अभियान होगा शुरू।
4- राज्य के पूर्वी हिस्से के 13 जिलों में बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना।

-------------